तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 3 अगस्त 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 सोनादई में नवाई पर्व पर की माता सेवा व मानस...



12 सायबर अपराधों की जानकारी स्कूली ...



श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
Shri Gopala Hospital
रत्नाबांधा, दुर्गा रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप




### रेडक्रॉस ने निकाली जागरुकता रैली

**दुर्गूकोंदल।** शाउमावि मेंडो के जूनियर रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा गांव में रैली निकालकर गांव को मलेरिया मुक्त करने के लिए तथा गांव के लोगों को बारिश से बचाव के लिए जागरूकता निकाली गई। रेड क्रॉस के छात्र-छात्राओं द्वारा स्लोगन तथा नारा का वाचन कर लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। संपूर्ण रैली का एक ही मुख्य उद्देश्य था कि गांव को मलेरिया मुक्त कैसे बनाया जाए।

### फांसी लगाने से युवकी मौत कारण अज्ञात, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत कसावाही निवासी 38 वर्षीय अमित मंडावी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। चारामा निवासी 40 वर्षीय कृष्णा नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 1 अगस्त को अग्राम दमकसा में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## शिकायत : एसडीएम के द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने के बाद गड़बड़ी का हुआ खुलासा

# बीएसपी की कार्यशैली से रावघाट के लोगों में आक्रोश, प्रतिबंध के बाद गड़बड़ी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

रावघाट से बीएसपी के द्वारा लौह अयस्क का परिवहन किया जा रहा है, परंतु क्षेत्रवासियों से जिन सुविधाओं का वादा किया था, उसका पूरा नहीं करने को लेकर क्षेत्रवासियों में नाराजगी बढ़ते जा रही है। निविदा दूसरे रूट की और रूट दूसरा उपयोग करने के बाद हुई गड़बड़ी का खुलासा हो जाने के बाद माहौल गरमाया हुआ है। बीएसपी की कार्यशैली को लेकर क्षेत्र में जमकर नाराजगी बनी हुई है। बीएसपी ने क्षेत्र के कुछ लोगों को ट्रक खरीदवाकर अपने पक्ष में लेने का प्रयास किया है, उनके चेहरे भी उजागर होते जा रहे है। क्षेत्र के लोग लालच के चक्कर में बीएसपी की दलाली भी करने से बाज नहीं आ रहे है।

अंतागढ़ अनुविभागीय अधिकारी ने देव माइनिंग एवं एनसी नाहर के परिवहन ठेके पर लगने वाले वाहन को अंतागढ़ से ताड़ोकी हुए नारायणपुर जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है, जो बीएसपी और दोनो कंपनियों के द्वारा किए गए अनुबंध पर भी उल्लेखित है। दोनो कंपनी के माध्यम से लौह अयस्क का परिवहन करने वाले वाहन नियमतः अंतागढ़ से ताड़ोकी हुए नारायणपुर नहीं जा सकते। इस मार्ग से वाहन जाने पर केंद्र सरकार को करोड़ो का नुकसान हो चुका है और प्रतिबंध को हटाने को लेकर स्थानीय प्रशासन पर दबाव बनाया गया तो और भी सरकार का नुकसान होगा। बीएसपी एवं ट्रांसपोर्टर के कारनामें के दस्तावेज मिलने के बाद पूरा खेल उजागर हो पाएगा। मीडिया के द्वारा संबंधित बीएसपी के अधिकारियों से जानकारी चाही जा रही है, तो मीडिया बताने पर काल कट ▸▸| शेष पेज 10 पर

### खास बातें

- हक माँगने वाले लोगों को नक्सली के नाम पर डराया जा रहा, जेल भेजने की दी रही धमकी
- एसडीएम के सामने गड़बड़ी को माइंस मैनेजर ने स्वीकार किया, प्रशासन से जाँच करने उठी माँग


लोहा : टोल टैक्स और किराए का खेला किया जा रहा है
लौह अयस्क परिवहन में ठेकेदार कर रहे बड़ा खेला, अनुबंध का नहीं किया पालन
जर्जर अंतागढ़- नारायणपुर मार्ग की मरम्मत का कार्य हुआ प्रारंभ
अनुबंध का करेंगे पालन
देव माइनिंग एवं एनसी नाहर के लगे वाहन नहीं गुजरेंगे

### नाहर कंपनी के परिवहन करने वाले वाहन

आंदोलन करने वाले ग्रामीणों ने बताया कि एनसी नाहर की 26 वाहन के नंबर मेरे पास है, जो नियमों को ताक में रखकर अंतागढ़ से ताड़ोकी होते हुए नारायणपुर गए है। इन वाहनों पर कार्यवाही करना बहुत जरूरी है। ग्रामीणों के द्वारा उपलब्धक करवाई गई सूची के तहत वाहन क्रमांक क्रमांक सीजी 07 सीएक्स 1831, सीजी 07 सीएक्स 2027, सीजी 07 सीएक्स 2028, सीजी 07 सीएक्स 2029, सीजी 07 सीएक्स 2030, सीजी 07 सीएक्स 2031, सीजी 07 सीएक्स 2032, सीजी 07 सीएक्स 1832, सीजी 07 सीएक्स 0498, सीजी 07 सीएक्स 4961, सीजी 07 सीएक्स 4962, सीजी 07 सीएक्स 4963, सीजी 07 सीएक्स 4964, सीजी 07 सीएक्स 4965, सीजी 13 एडब्लयू 9033, सीजी 13 एडब्लयू 8641, सीजी 13 एडब्लयू 8634, सीजी 13 एडब्लयू 8634, सीजी 13 एडब्लयू 8636, सीजी 21 जे 9496, सीजी 21 जे 7258, सीजी 21 जे 7140, सीजी 21 जे 6235, सीजी 21 जे 8281, सीजी 21 जे 7015, सीजी 21 जे 7077 से गड़बड़ी हुई है।

### प्रबंधन दे सकते हैं वक्तव्य

भिलाई स्टील प्लांट के खदान प्रबंधक ने का पूरे दस्तावेज भिलाई में है और इस विभाग के दोनो खदानों के लिए आज तक किसी पीआरओं का नंबर जारी नहीं किया गया, जिससे बीएसपी पर लग रहे आरोपों पर बात किया जा सके। बीएसपी प्रबंधन अपना किसी भी तरह का समाचार को लेकर कोई मैसेज व दस्तावेज देना चाहता है तो मोबाईल नंबर 7000955574 पर जानकारी उपलब्ध करवा सकता है। इसके अलावा लौह अयस्क के परिवहन में शामिल दोनो कंपनी के प्रबंधन भी अपने वक्तव्य को हरिभूमि के सामने रखना चाहते है, उक्त नंबर पर वक्तव्य या जानकारी दे सकते है। कंपनी और बीएसपी के जिम्मेदार नंबर उपलब्ध नहीं होने के कारण उनका वक्तव्य नहीं मिल पा रहा है।

### दामाद से चाचा ससुर एवं अन्य दो लोगों ने की मारपीट, मामला दर्ज

**कांकेर।** बांसला में मामूली बात को लेकर चाचा ससुर ने अपने दमाद के साथ मारपीट कर दिया। मारपीट में आरोपी चाचा का साथ देने वाले दो अन्य आरोपियों के खिलाफ युवक ने मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे बांसला निवासी अजय कुमार कुलदीप पिता छन्नू राम कुलदीप ने पुलिस को बताया कि मेरा विवाह बांसला निवासी परस राम टांडिया की पुत्री अश्वनी के साथ बांसला मे सामाजिक रीति रिवाज से संपन्न हुआ था तथा दामपत्य जीवन के फलस्वरूप हम दोनो की ओर से दो संतान है। मैं विवाह के बाद से ही अपने ससुराल बांसला में घर जमाई के रूप में रह रहा हूं। इसी दौरान 1 अगस्त को सुबह 6 बजे मेरे द्वारा घरेलु पशु गाय बैल को अपने घर से निकालने के दौरान मेरे चाचा ससुर दशरू टांडिया पिता घसिया राम टांडिया के द्वारा मुझे गाली देने लगा और मैने गाली देने से मना किया, ऐसे में मुझे जान से मार दूंगा कहते हुए लकड़ी के डंडा से मारपीट किया। मुझे मारने में चाचा के साथ दिनेश, किर्तेश व डिकेश ने भी सहयोग किया। मेरे जान मारपीट की धमकी देते हुए मारपीट करने ▸▸| शेष पेज 10 पर

## पीवी 118 रतनपुर से नयापारा कापसी तक सड़क हुई जर्जर, राहगीर परेशान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजुर

कापसी बाजार के पास स्थित नयापारा से ग्राम पीवी 118 रतनपुर को जोड़ने वाली सड़क पूरी तरह से जर्जर हो जाने के चलते लोगों का चलना मुश्किल हो चुका है।

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई गई सड़क अपनी अपने गड्ढो के लिए जानी जा रही है। एक ओर जहां सरकार गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर कापसी बाजार के पास स्थित नयापारा से ग्राम पीवी 118 रतनपुर को जोड़ने वाली सड़क की जर्जर स्थिति ने सरकारी दावों पर सवालिया निशान लगा दिया है। यह सड़क रतनपुर निवासियों के लिए कापसी बाजार पहुंचने के लिए मुख्य मार्ग है और इसका उपयोग दैनिक रूप से बड़ी संख्या में ग्रामीण करते हैं। स्थानीय ग्रामीण सोहन कुमार, रूप सिंह, बाजू राम के अनुसार इस सड़क का निर्माण कुछ साल पहले ही हुआ था, लेकिन अब यह जगह- जगह पूरी तरह से गड्ढो में तब्दील हो गया है। बारिश के समय गड्ढो में जल भराव होने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार वाहन चालक इन गड्ढो से बचने के प्रयास में अपना संतुलन खो बैठते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ गया है। बरसात के मौसम में तो स्थिति और भी बदतर हो गई है।

### अधिकारियों की अनदेखी से ग्रामीण नाराज

ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क की मरम्मत के लिए कई बार स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों का कहना है कि उनकी शिकायतों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत कराने की मांग किया है, ताकि लोगों को इस समस्या से निजात मिल सके और किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

## गुरवंडी माध्यमिक शाला जर्जर त्रिपाल लगाकर हो रही पढ़ाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गूकोंदल

माध्यमिक शाला गुरवण्डी का स्कूल भवन जर्जर हो जाने के कारण छत की सरिया दिखने लगी है, जिसके चलते बारिश से भवन की छत से पानी सीपेज होता रहता है। ग्रामीण और शिक्षकों ने मिलकर त्रिपाल से छत को ढका है, उसके बाद ही बच्चे शिक्षा ले पा रहे है। आधुनिक युग में स्कूल भवन को त्रिपाल ढककर पढ़ाई करवा रहे हैं, यह दुर्भाग्य है। स्कूल भवन की स्थिति और संसाधन, शैक्षणिक गतिविधि की मानिटिरिंग विभाग के द्वारा होनी चाहिए, लेकिन अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देते हैं। केंद्र और राज्य में शिक्षा के लिए हजारों करोड़ बजट रहता है। इस बजट में शिक्षा के भवन, सामाग्री सहित शिक्षकों की कमियों की पूर्ति होनी चाहिए। सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग जिला उपाध्यक्ष राजेश गोटा, धनसाय दुग्गा, लक्ष्मण दुग्गा एवं ग्रामीण मनीराम गोटा, अनिल नेताम, विष्णु कोवाची, अजय कोवाची, नारायण दुग्गा, प्रदीप कोमरा, सुनील नेताम, शिवप्रसाद कोवाची, शैलेन्द्र कोवाची ने स्कूल भवन का निरीक्षण किया। उनका कहना है कि जर्जर भवन जोखिम भरा है, फिर भी जर्जर भवन के नीचे बच्चे शिक्षा ले रहे हैं। यह भवन पुराना हो गया है, मरम्मत से काम नहीं चलेगा, नए भवन की स्वीकृति जरूरी ▸▸| शेष पेज 10 पर

- नए भवन की माँग पर अभी नहीं हुआ निर्णाय



## कांकेर शहर में अपराध पर अंकुश लगाने 8 नशेड़ियों को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

शहर कांकेर के आमापारा, संजयनगर, अन्नपुर्णापारा, सुभाष वार्ड एवं अन्य मुहल्लों में अवैध गतिविधियों में संलिप्त तत्वों पर कड़ी कार्यवाही कर जेल भेजा गया। शहर के सार्वजनिक स्थलों पर पहुँचकर असमाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी कार्यवाही जारी है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देशन, एएसपी भानुप्रतापपुर आईपीएस आकाश श्री श्री माल, एएसपी कांकेर दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में कांकेर शहर में दिन में पैदल, बाईक गश्त एवं रात्रि गश्त में पेट्रोलिग बढ़ाकर नशेड़ी, गजेडियो, नशीली पदार्थ का सेवन कर उत्पात करने वाले असामाजिक तत्वो पर सतत निगरानी रखने एवं आवश्यक कार्यवाही करने के आदेश पर शहर में निरन्तर पुलिसिंग गश्त कार्यवाही कर असमाजिक तत्वों एवं अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस थाना कांकेर द्वारा लगातार नागरिकों से संपर्क स्थापित कर शहर के कड़ी सुरक्षा के दौरान 2 अगस्त को जरिए मोबाईल फोन के सूचना पर शहर के सुभाष वार्ड, एमजी वार्ड, आमापारा, राजापारा, अन्नपुर्णापारा, संजयनगर, उदयनगर एवं टिकरापारा में एक्शन लेकर पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर रेड कार्यवाही कर आरोपी भरत साहू पिता सदाराम साहू उम्र 23 वर्ष पता एमजी वार्ड, रोहित भंडारी पिता मेहतरू उम्र 30 वर्ष पता सुभाषवार्ड, कुणाल यादव पिता जागेश्वर उम्र 20 वर्ष पता आमापारा, अजीत कुमार चौहान पिता स्व. सागुरी उम्र 29 वर्ष पता राजापारा, संतोष कुमार सरोज पिता सुरज राम्र उम्र 19 वर्ष अन्नपूर्णापारा, आयुस कुमार महावीर उम्र 25 वर्ष अन्नपूर्णापारा , इमरान खान पिता मो. फरीद उम्र 33 वर्ष पता संजयनगर एवं अविनाश सोलंकी पिता मोहन उम्र 37 वर्ष पता उदयनगर ▸▸| शेष पेज 10 पर



### कार्रवाई टीम में यह रहे शामिल

सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर, निरीक्षक राम कुमार साव के नेतृत्व में उप निरीक्षक मनोरथ जोशी, उप निरीक्षक रामेश्वर चतुर्वेदी, सउनि वेदन सलामे,प्र आर. मनीरामभोई.प्रआर. हितेश्वरी चेलक,प्रधान आरक्षक कृष्णा यादव, प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश कृषान, प्रआर.गीतेश्वर कुलदीप, आरक्षक राकेश बघेल एवं थाना कांकेर पेट्रोलिंग टीम आरक्षक अरूण मंडावी, लक्ष्मीनारायण सोरी का महत्तवपूर्ण भूमिका रही ।

## पीएम ने किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त किया जारी

# 81781 किसानों के खाते में 20.22 करोड़ अंतरित, किसानी कार्यों में होगी सहुलियत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अगस्त को वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20 वीं किश्त के रूप में 20,500 करोड़ की राशि किसानों के बैंक खातों में अंतरित किया, इसमें छत्तीसगढ़ के भी 25 लाख से अधिक किसान शामिल हैं। इस योजना के तहत कांकेर जिले के 81,781 किसानों के खाते में 20.22 करोड़ रूपए हस्तांतरित किया गया। लाभान्वित किसानों को इससे खेती-किसानी में मदद मिलेगी।

- योजना के तहत पात्र किसान परिवारों को वार्षिक 6 हजार रुपए की वित्तीय सहायता

कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग कांकेर के संयुक्त तत्वाधान में 2 अगस्त शनिवार को प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधि योजना के 20 वें किस्त के अंतरण का सीधा प्रसारण किया गया। पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20 वें किश्त के अंतरण पश्चात किसानों को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा ने कहा कि यह योजना केन्द्र सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा फरवरी 2019 मे शुरू किया गया था। यह योजना पात्र किसान परिवारों को उनके कृषि संबंधी खर्चों के लिए वार्षिक 06 हजार रूपए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। केन्द्र एवं राज्य सरकार किसानों की दशा सुधारने के लिए निरंतर प्रयास कर रहीं है। छत्तीसढ़ सरकार द्वारा मोदी की गारंटी को पूरा किया जा रहा है। पात्र महिलाओं को महतारी ▸▸| शेष पेज 10 पर




### वैज्ञानिकों ने किसानों को दी सलाह

कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 20 वें किश्त के अंतरण कार्यक्रम के साथ ही किसान मेला का भी आयोजन किया गया, जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बीरबल साहू एवं कृषि विभाग के उप संचालक जितेन्द्र कोमरा सहित कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की सलाह किसानों दी गई। कार्यक्रम में प्रतीक स्वरूप पांच किसानों को उड़द बीज तथा पांच किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का प्रमाण पत्र और मृदा कार्ड प्रदाय किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र में एग्रीड्रोन का डेमोस्ट्रेशन भी किया गया।

### योजना से मिली राशि से खाद-बीज की खरीददारी

हाटकोंगेरा के किसान हेमलाल जैन ने कहा कि योजना शुरू होने के बाद से उन्हें नियमित रूप से इसका लाभ मिल रहा है, जिससे वे खाद-बीज की खरीदारी करते हैं। धनेलीकन्हार के किसान रमेश कुमार साहू ने बताया कि सालाना उन्हें 6000 रूपए की किसान सम्मान निधि मिलती है, जिसका उपयोग वे कृषि कार्यों के लिए दवाइयाँ व खरपतवारनाशक खरीदने में करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति धन्यवाद प्रकट किया है।

## कोरेनार ग्राम की पानी टंकी पर लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजुर

विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत कोरेनार में बीती रात एक युवक का शव पानी की टंकी पर फंदे से लटका हुआ मिला। सुबह पानी भरने गई एक महिला ने सबसे पहले शव को देखा, जिसके बाद उसने सरपंच को जानकारी दिया। सरपंच राजे बाई गोटा ने पुलिस को जानकारी दिया वहीं खबर फैलते ही भीड़ जुट गई थी। बांदे थाना क्षेत्र के ग्राम कोरेनार में पानी की टंकी में मिले शव की पहचान पीवी 12 गांव के रहने वाले शुभंकर दास पिता कार्तिक दास उम्र 30 वर्ष के रूप में हुई है, जो कि ईएसएएफ बैंक पखांजूर शाखा में कार्यरत था। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक अक्सर पैसे की वसूली के लिए कोरेनार गांव आते जाता रहता था। ग्रामीण के दबी जुबान के अनुसार इसे हत्या बताया जा रहा है, क्योंकि उसकी मोटरसाइकिल घटनास्थल से आधा किमी. दूर मिली है। जानकारी मिलने पर बांदे थाना प्रभारी मनीष नेताम और उप निरीक्षक गिरीश कुर्रे अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने पूछताछ के बाद मृतक के परिजनों को ▸▸| शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप



### रेडक्रॉस व विज्ञान क्लब के छात्रों ने किया पौधारोपण

**दुर्गुकोंदल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेडो में रेड क्रॉस और विज्ञान द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर अपने अपने समूह के छात्र छात्राओं के साथ संस्था के प्रांगण में नीम, करेंजी, नारियल, नींबू व कटहल के पौधे लगाए। प्राचार्य हेमंत कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण और सामाजिक सरोकार के अंतर्गत सभी को अपने आसपास पौधा रोपण कर उसे सुरक्षित कर पर्यावरण को संतुलित करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक मेघनाथ कांगे, ऊषा तारम, सरस्वती कोमरा, नितेश चंद्राकर, डोमेश्वर साहू आदि उपस्थित रहे।

### आदिवासी दिसव मनाने तैयार की गई रूपरेखा



**कांकेर।** गोंडवाना भवन सिंगारभाट में 2 अगस्त को सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष कन्हैया उसेंडी की उपस्थिति एवं छग अजजा शास. सेवक विकास संघ के जिलाध्यक्ष एवं विभिन्न ब्लॉक पदाधिकारियों की उपस्थिति में 09 अगस्त विश्व आदिवासी के जिला स्तरीय आयोजन की तैयारी को लेकर बैठक करते हुए परिचर्चा किया गया और रणनीति तैयार किया गया।

### पेड़ से गिरकर घायल बच्ची की हुई मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत भैंसगांव निवासी 11 वर्षीय सुगन्तीन का पेड़ से गिरकर घायल होने व गंभीर चोट लगने के कारण मौत हो गया। डीकेएस अस्पताल रायपुर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां इलाज के दौरान 13 मई को मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## स्कूली गतिविधि : कक्षा नायकों की भी नियुक्ति की गई

# लोहत्तर विद्यालय में बाल कैबिनेट का गठन ईवीएम से, तरुण शाला नायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल के शाउमा विद्यालय लोहतर में शनिवार को बाल केबिनेट का गठन किया गया। बाल केबिनेट का गठन के लिए दो ईवीएम मशीनों का उपयोग किया गया। बाल केबिनेट में शाला नायक तरुण कुमार मंडावी, सहशाला नायक साक्षी मंडावी, अनुशासन मंत्री मुस्कान बढ़ाई, सहअनुशासन मंत्री वासनी गढ़िया, सांस्कृतिक मंत्री सुशीला पोटाई, उपसांस्कृतिक मंत्री तरुण जैन, स्वास्थ्य मंत्री दीना नाग, सह स्वास्थ्य मंत्री दीपक पूरामें, स्वच्छता मंत्री नेहा व उपस्वच्छता मंत्री भावेश कुमार गावड़े को बनाया गया। बाल केबिनेट गठन में विज्ञान प्रभारी चांदनी गढ़िया, आत्म रक्षा मंत्री याचिका पूरामें, शाला सुरक्षा प्रभारी रेशमी पुरामे, दिना, देवेंद्र, मंगल, कुशल, इको एवं यूथ क्लब प्रभारी कुंती, रेडक्रॉस प्रभारी पंकज कुमार, स्काउट प्रभारी कुछ गावड़े एवं गाइड प्रभारी प्रियांशी दीवान को बनाया गया। कक्षा नायकों की भी नियुक्ति की गई, जिसमें क्रमशः कक्षा नायक, उपकक्षानायक कक्षा छठवीं रितेश व लक्ष्मी, सातवीं भारत व छमा, आठवीं सामसाय व भूमि, नवमी हरिश्मा अमिला व गन्नू राम, दसवीं लीलेश कुमार व झरना ठाकुर, ग्यारहवीं मधुकर दीवान व निशा, बारहवीं रेशमी पुरामे व दीना नायक को सर्वसम्मति से चुना गया और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम सभी नवनिर्वाचित एवं नवनियुक्त बाल केबिनेट के बच्चों को विकास राजु नायक के द्वारा शपथ दिलाया गया और सभी बच्चों को शाला प्रबंधन समिति एवं शाला स्टाप के तरफ से तिलक लगाकर, गुलदस्ता भेंट कर एवं मुँह मीठा कराया गया। इस दौरान जनपद सभापति राजु नायक नें बाल केबिनेट के बारे में स्कूली बच्चों को अवगत कराते हुए कहा कि एक बाल कैबिनेट में, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, शिक्षा मंत्री शिक्षा से संबंधित मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेंगे, जैसे कि पढ़ाई, पाठ्यपुस्तकें, और कक्षा की व्यवस्था। स्वास्थ्य मंत्री स्वास्थ्य और स्वच्छता से संबंधित मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेंगे, जैसे कि विद्यालय परिसर की सफाई, पीने के पानी की उपलब्धता, और छात्रों के स्वास्थ्य की देखभाल। इस तरह, बाल कैबिनेट छात्रों को न केवल लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल करती है, बल्कि उन्हें विद्यालय के बेहतर प्रबंधन और विकास में भी सक्रिय भूमिका निभाने में मदद करती है। बाल कैबिनेट या बाल संसद का गठन विद्यालय के छात्रों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल करने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने और विद्यालय के बेहतर प्रबंधन में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है।

इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य एसएस नेगी व प्रधानपाठक रमेश सोनगेड़, पीठासीन अधिकारी दीपक ठाकुर, घनश्याम मरकाम, दिनेश ठाकुर, रामदेव मंडावी, यशवंत साहू व मनोज कुमार उसेंडी, भोजराज वर्मा, मनोज उसेंडी, अजित कोषमा, टोमन ठाकुर सहित समस्त स्कूल स्टाप उपस्थित रहे।

# सोनादई में नवई पर्व पर की माता सेवा व मानस पाठ करके किया भोजली विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



दुर्गुकोंदल क्षेत्र के ग्रामीण अंचलो में कुंवारी कन्याओं द्वारा नवई त्यौहार मनाया जाता है। लोहत्तर क्षेत्र के ग्राम सोनादई, लोहत्तर, परभेली, भेलवापानी, जाड़ेकुर्से में नवई त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है और रात भर शिव गौरी को प्रसन्न करने के लिए रात्रि जागरण कर रामायण पाठ या माता सेवा का आयोजन करते है, जिसमें कुंवारी कन्या उपवास भी करते है।

ग्रामीण अंचलो में कुंवारी कन्याओं द्वारा उपवास कर नवई त्यौहार मनाया गया। यह उपवास आमतौर पर दिन भर का होता है और शाम को रोटी, मिठाई बनाकर गौरा-गौरी के साथ भोजली की पूजा करके दूसरे दिन सुबह उपवास तोड़ा जाता है। उपवास इस त्यौहार का एक हिस्सा है, लेकिन सभी लोग उपवास नहीं करते हैं। केवल कुंवारी कन्याओं के द्वारा अच्छे पति की कामना से उपवास रखा जाता है और गाँव के किशोरियों राधिका, साधना, दीपिका, ज्योति, चंद्रकला, बिसन्तीन, प्रभा, दुर्गा, पूजा का कहना है कि हमें इसके बारे में ज्यादा जानकारी तों नहीं है, लेकिन हमारे गाँव में कई पीढ़ियों से चला आ रहा है और उसे देखते हुए हम भी इस उपवास को बचपन से रखते आ रहें है। मान्यता है कि इस उपवास को रखने से अच्छे वर मिलते है और जैसे ही कुंवारी कन्या का विवाह सम्पन्न होता है उसके बाद हरियाली त्यौहार के बाद लड़की को उसके मायके वाले लाने जाते है और नवई हरियाली के नव दिन बाद मानते है।

इस नवई उपवास को शादी के बाद एक उपवास रखकर विवाहित महिला अपना उपवास तोड़ती है। यह पर्व ग्रामीण अंचलो में काफी धूमधाम से मनाया जाता है। सुबह भोजली को विसर्जित कर एक दूसरे के साथ भोजली बधने की भी गाँव में परम्परा है। भोजली बधने के बाद आजीवन उस रिश्ते को ग्राम के लोग निभाते है।

# एक राखी सैनिक के नाम पर कैडेटों ने सैनिकों को भेजी राखियां, दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर




स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोरर से शासन के मंशानुरूप एक राखी सैनिक के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत जूनियर रेडक्रास सोसायटी, भारत स्काउट एवं गाइड, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, इको क्लब के स्वयं सेवकों द्वारा राखी बनाकर देश के सुरक्षा में लगे सैनिक भाईयों के लिए राखी जिला मुख्यालय भेजी गई।

जिले के कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद के मार्गदर्शन में प्राचार्य शिवराज टांडिया के मार्गदर्शन में कैडेट ने राखी केसाथ ही रक्षाबंधन जैसे पवित्र त्यौहार पर देश की सीमाओं की सुरक्षा करने वाले सैनिकों संदेश भी दिया कि आप हमारे खातिर अपने जीवन को देश के प्रति समर्पण की भाव रखते हैं, तो हम भी आपसे वादा करते हैं कि हम भी देश के अंदर स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, वृक्षारोपण, में अपनी महती भूमिका निभाएंगे एवं पर्यावरण प्रदुषण को रोकने हेतु भी प्रयास करेंगे। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक अनुपम जोफर, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी जनक कोमरा, जूनियर रेडक्रास सोसायटी प्रभारी हुमा पिस्दा, एनसीसी प्रभारी दुष्यंत सोनकर, भारत स्काउट गाइड प्रभारी यामिनी मरकाम, कंचन ठाकुर, भरत श्रीवास्तव डेविड गिलहरे, विजय यादव, राजेंद्र नेताम, इको क्लब प्रभारी मोनिका जुर्री, लिप्सा ठाकुर, ऊषा बघेल, गोदावरी मसियारे एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# कोमलपुर में ट्रक की टक्कर से दो युवक की मौत, चालक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम कोमलपुर ईमलीमोड़ के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो युवक को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। घायलों का स्वास्थ्य बहुत ही ज्यादा खराब होने के कारण उन्हे हायर सेंटर रिफर गया। घायलों को गंभीर चोट आने से घटना के अगले दिन मौत हो जाने पर मर्ग कायम कर विवचेना में लिया गया।

विवेचना में पाया गया कि 14 जुलाई को निवेश कुमार मंडावी अपने साथी दुर्गेश कुमार नेताम, मुकेश कुमार मंडावी, योगेश्व नेताम अलग अलग मोटर सायकल से टाटामारी केशकाल घुमने जा रहे थे। मृतक निवेश कुमार मंडावी, योगेश्वर नेताम के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एजी 2156 में एक साथ थे। मोटर सायकल को योगेश्वर नेताम चला रहा था। शाम करीबन 5 बजे कांकेर से 10 से 12 किलो मीटर आगे ग्राम कोमलपुर पहाड़ी ईमलीमोड़ के पास पहुंचे थे कि केशकाल की ओर से आ र ही ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीटी 0919 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी, लापरवाही पूर्वक व उतावलेपन से चलाकर सामने से ठोकर मार दिया, जिससे मोटर सायकल में सवार दोनो व्यक्ति मोटर सायकल सहित रोड़ में गिर गए। एक्सीडेंट से दोनो व्यक्तियों के सिर, पैर, सिना व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आया। घायलों को 08 वाहन की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चोट गंभीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रिफर गया, जहां इलाज दौरान योगेश्वर नेताम का 15 जुलाई को ईलाज संभव नहीं हो पाना बताने से निवेश कुमार मंडावी का गृह ग्राम ले जाते समय ग्राम कोहाबाहरा में मौत हो गया। उक्त दोनो मृतकों की मृत्यु ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीटी 0919 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी, लापरवाही पूर्वक व उतावलेपन से चलाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से ईलाज दौरान मौत होना पाये जाने से आरोपी ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीटी 0919 के चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवचेना में लिया गया।

## निधन

### शेषधर पांडे

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के शेषधर पांडे का



गृहग्राम शिखापुर, बड़गांव जिला भदोही उत्तर प्रदेश में निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृहग्राम शिखापुर में 03 अगस्त को किया जाएगा। शेषधर पांडे हाहालद्दी चाहचाड़ ट्रक परिवहन संघ के सदस्य थे।

# परलकोट जलाशय शाबाब पर 15 तक ओवरफ्लो की उम्मीद

**कांकेर।** परलकोट क्षेत्र का एकमात्र प्रमुख पर्यटन स्थल परलकोट जलाशय इस साल अपने पूरे सवाब पर है। मॉनसून की अच्छी बारिश के बाद, जलाशय का जल स्तर काफी बढ़ गया है, जिससे यहां का नजारा बेहद मनमोहक हो गया है। स्थानीय लोगों और प्रशासन को उम्मीद है कि आगामी 15 अगस्त तक जलाशय का पानी ओवरफ्लो होना शुरू हो जाएगा, जो कि एक अद्भुत दृश्य होगा। जलाशय की सुंदरता देखने के लिए दूर-दूर से पर्यटक पहुंच रहे हैं, जिससे इस क्षेत्र में एक बार फिर से रौनक लौट आई है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, जलाशय के आसपास दुकानें भी सजनी शुरू हो गई हैं। यहां के दुकानदार विभिन्न प्रकार के पकवानों और अन्य चीजों का व्यापार करते है। परलकोट जलाशय न केवल क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण सिंचाई स्रोत है, बल्कि यहां के लोगों के लिए आजीविका और मनोरंजन का भी साधन है। ओवरफ्लो होने का नजारा देखने के लिए लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



### भरत कश्यप उत्कृष्ट सदस्यता दीप से सम्मानित

**जगदलपुर।** लोहंडीगुड़ा ब्लाक अंतर्गत ग्राम गढ़िया के युवा सरपंच भरत कश्यप को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय ने उत्कृष्ट सदस्यता दीप से सम्मानित किया। उन्होंने लगन और सक्रियता से निरंतर पार्टी के प्रतिष्ठा के लिए समर्पित भाव से काम किया। भाजपा प्राथमिक सदस्यता अभियान 2024-25 में उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान मुख्यमंत्री निवास में आज हुआ। गत पंचायत चुनाव में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के गृह एवं प्रभाव क्षेत्र से चुनाव लड़कर सबसे ज्यादा वोट से जीतकर सरपंच बने। भरत कहते हैं कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मैं देश के सबसे बड़ी पार्टी का एक कार्यकर्ता हूं।

# सायबर अपराधों की जानकारी स्कूली विद्यार्थियों को दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




विकासखण्ड चारामा अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल आंवरी में 2 अगस्त को विद्यार्थियों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिला संबंधी अपराध, साइबर फ्रॉड और यातायात नियमों को लेकर स्कूली बच्चों को अहम जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में चारामा थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार साहू ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि महिलाएं और बच्चियां समाज का सम्मान हैं, उनके साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार अपराध की श्रेणी में आता है और ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई होती है। साइबर अपराध पर बोलते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि सोशल मीडिया और इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के कारण बच्चों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, पासवर्ड सुरक्षित रखें और ऑनलाइन ठगी से बचें। यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हेलमेट पहने, सड़क पर सावधानी से चले और ट्रैफिक सिग्नल का पालन अनिवार्य रूप से करें। विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने इस जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की और इसे बेहद उपयोगी बताया।

### विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस मनाया गया



**दुर्गूकोंदल।** विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस पीएमश्री आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल दुर्गूकोंदल मनाया गया। विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस पर सभी सक्रिय और पूर्व स्काउट्स को स्काउटिंग के एक दृश्य स्मरणोत्सव के रूप में अपने स्कार्फ या नेकरचफ पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य देवलाल नरेटी, जनपद सभापति विकास राजु नायक, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक जैन, ग्राम पंचायत करमाड़ के सरपंच रजलाल आंचला एवं संस्था के प्रभारी प्राचार्य अजय नेताम व स्काऊट प्रभारी बंगोमा चक्रवती सहित स्कूली बच्चे उपस्थित रहें।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# विश्व आदिवासी दिवस पर आज होंगी विविध स्पर्धाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में सर्व अदिवासी समाज एवं छग अजजा शास. सेवक विकासखंड कांकेर के संयुक्त प्रयास से 3 अगस्त को गोंडवाना भवन सिंगारभाट में कई विधा पर प्रतियोगिता आयोजित करेगा और विभिन्न परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वालों का सम्मान किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार 3 अगस्त रविवार को गोंडवाना भवन सिंगारभाट में विभिन्न कार्यक्रम के तहत आदिवासी संस्कृति आधारित वेशभूषा प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध लेख प्रतियोगिता, क्विज कंपीटेशन, आदिवासी संस्कृति सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता, जूनियर व सीनियर वर्ग, तीरंदाजी (पुरूष वर्ग) प्रतियोगिता, धान चॉवल फुलना एवं टोसकना (महिला वर्ग) प्रतियोगिता होगी। इस कार्यक्रम में अदिवासी समाज से राष्ट्रीय स्तर नीट, जेईई परीक्षा में चयनित छात्र एवं इस वर्ष 10वीं व 12 वीं परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्रों का सम्मान दिया जाएगा। इसके अलावा आयोजित कार्यक्रम में देश व राज्य के गौरव अदिवासी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मान के लिए आमंत्रित किया गया हैं। आयोजित कार्यक्रम की तैयारी का अंतिम रूप देने में सर्वअदिवासी समाज, युवा प्रभाग, अधिकारी एवं कर्मचारी डटे रहे।

### मात्र 2000 में जीवन यापन को मजबूर मध्यान्ह भोजन रसोइया, मानदेय बढ़ोतरी की मांग

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में वर्ष 1996 से अपनी सेवाएं दे रहे मध्यान्ह भोजन रसोइयों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। मात्र 2000 मासिक मानदेय में कार्य कर रहे ये रसोइये न केवल बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व निभा रहे हैं, बल्कि विद्यालयी व्यवस्थाओं का भी एक अहम हिस्सा हैं। इस अल्प मानदेय में वे अपने परिवार का दो वक्त का भोजन तक नहीं जुटा पा रहे हैं। विडंबना यह है कि सरकार की तरफ से बार-बार मानदेय बढ़ाने के आश्वासन दिए गए, परंतु धरातल पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। हाल ही में चुनाव पूर्व मोदी की गारंटी के तहत 50 प्रतिशत मानदेय वृद्धि का वादा भी किया गया था, लेकिन अब वह भी अनसुना होता दिख रहा है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, बस्तर संभाग अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव ने सरकार से मांग की है कि मध्यान्ह भोजन रसोइयों के मानदेय में शीघ्र ही बढ़ोतरी की जाए। उन्होंने कहा कि इन रसोइयों को क्रम से 5000 मासिक मानदेय देने का आदेश जल्द जारी किया जाए, ताकि वे सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें। श्रीवास्तव ने यह भी चेतावनी दी कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन की राह अपनाई जाएगी। यह मांग न केवल न्यायोचित है, बल्कि इन मेहनतकश महिलाओं की गरिमा और अधिकारों की रक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। सरकार से अपील है कि इस महत्वपूर्ण वर्ग की अनदेखी न करते हुए जल्द ही ठोस कदम उठाए जाएं।

